दिन– बुधवार दिनांक– 27 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

बिहार विधानसभा के शीत सत्र के तीसरे दिन आज आरक्षण, वक्फ संशोधन विधेयक और स्मार्ट प्रीपेड मीटर सहित अन्य मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक–झोंक भी हुई। विपक्षी दलों के नेताओं ने बैनर–पोस्टर लेकर सदन के वेल में जाकर प्रदर्शन किया। इसके बाद अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधानसभा के बाहर भाकपा के विधायकों ने जीविका और आशा कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। वहीं, एआईएमआईएम के विधायक अख्तरूल इमान ने उर्दू शिक्षकों की बहाली को लेकर प्रदर्शन किया।

————————————————————

इधर, विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान भूमि सर्वे को लेकर उठे सवाल का जवाब देते हुए राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि कई स्थानों पर खाता और खतियान काफी पुराना होने से सर्वे में समस्या आ रही है। उन्होंने कहा कि इसे जल्द ही दूर कर लिया जाएगा। विपक्षी दलों ने विभिन्न प्रखंडों के अंचल कार्यालयों में भूमि सर्वे से संबंधित भ्रष्टाचार पर सरकार से सवाल पूछा। इस पर विभागीय मंत्री ने कहा कि सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए प्रतिबद्ध है।

————————————————————

संसद में एक प्रमुख कारोबारी समूह के खिलाफ रिश्वतखोरी के आरोपों सहित विभिन्न मुद्दों पर विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही आज दिन भर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष की ओर से नियम दो सौ सड़सठ के अंतर्गत स्थगन नोटिस खारिज कर दिया। सभापति ने कहा कि वे सदन की कार्यवाही निलंबित करने से संबंधित नियम कई बार दोहरा चुके हैं और ऐसे नोटिस स्वीकार नहीं किये जा सकते। उन्होंने कहा कि राज्यसभा को सभापति के निर्देशों का पालन करना चाहिए। लेकिन कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी सदस्यों के शोर–शराबे के बीच उच्च सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए

स्थगित कर दी गयी। इधर, लोकसभा में भी विपक्षी दलों की ओर से एक प्रमुख कारोबारी समूह पर कथित रिश्वतखोरी के आरोपों और अन्य मुद्दों को लेकर हंगामें के कारण सदन को दिनभर के लिए स्थगित करना पड़ा।

————————————————————————

राज्य सरकार मिशन उन्नयन के तहत नर्सिंग सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने और इस क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण परिवर्तन के लिए लगातार काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने आज पटना के ऊर्जा स्टेडियम में मिशन उन्नयन पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए यह बाते कहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सात निश्चय के दूसरे चरण में नर्सिंग के क्षेत्र में क्रांति लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। श्री पांडेय ने कहा कि राज्य में नर्सिंग सेवाओं को विकसित करने के लिए गुजरात के अहमदाबाद स्थित इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ की एक शाखा को बिहार में खोला जाएगा। इस अवसर पर आईजीआईएमएस और कुर्जी होली फैमिली अस्पताल नर्सिंग कॉलेज सहित राज्य के बारह संस्थानों को बेहतर नर्सिंग सेवा प्रदान करने के लिए सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

————————————————————————

राज्य सरकार ने चालू पेराई सत्र दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए सभी प्रकार के गन्ना के क्रय मूल्य में दस रूपये प्रति क्विंटल की बढ़ोत्तरी की है। गन्ना उद्योग विभाग के मंत्री कृष्णनंदन पासवान की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस बढ़ोत्तरी के बाद उत्तम प्रभेद के गन्ना का क्रय मूल्य तीन सौ पैंसठ रूपये, सामान्य प्रभेद का तीन सौ पैंतालीस रूपये और निम्न प्रभेद के गन्ना का क्रय मूल्य तीन सौ दस रूपये प्रति क्विंटल हो गया है।

————————————————————————

अररिया जिले में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त कार्रवाई में दो अपराधियों को देशी पिस्तौल, चार कारतूस और मोबाईल के साथ गिरफ्तार किया गया है।

————————————————————————

कटिहार जिले के रोशना थाना क्षेत्र के महानंदा चेकपोस्ट पर पुलिस ने तीन सौ चौबीस लीटर विदेशी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।